**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी. बी. सी. : KPRS-S-KLG**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या 1143917

# परीक्षण पुस्तिका
# सामान्य ज्ञान

# A

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**
**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।
   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. असीमकेन्द्रकी (प्रोकैरियोटिक) कोशिका का केन्द्रीय कोशिकाद्रव्यी क्षेत्र, जिसमें न्यूक्लीक अम्ल होते हैं, क्या कहलाता है ?

(a) केन्द्रक

(b) केन्द्रकाभ

(c) केन्द्रिक

(d) लवक

2. प्राय: सभी शिशुओं को दूध लाभ पहुँचाता है, किन्तु अधिकांश वयस्क व्यक्तियों में दूध का ठीक से पाचन नहीं हो पाता है। यदि किसी प्रौढ़ व्यक्ति में तथापि दूध का पाचन हो पा रहा है, तो उसके शरीर में कौन-सा एन्ज़ाइम पर्याप्त रूप में उत्पन्न हो रहा है ?

(a) सेलूलेस

(b) ऐमिलेस

(c) पेक्टेस

(d) लैक्टेस

3. प्रतिजैविक पेनिसिलिन मानव कोशिकाओं को हानि पहुँचाए बिना आक्रमणकारी जीवाणुओं को मार सकता है क्योंकि यह निशाना बनाता है जीवाणुज :

(a) कोशिका-भित्ति को

(b) जीवद्रव्य कला को

(c) राइबोसोम को

(d) गुणसूत्र को

4. कोई अनुसंधानकर्ता विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं का अध्ययन कर रहा है। उसे किस प्रकार की कोशिका में अधिकतम संख्या में लयनकाय (लाइसोसोम) मिलेंगे ?

(a) अग्न्याशयी कोशिका

(b) डिंबग्रंथि कोशिका

(c) किसी धावक की ऊरु (thigh) की पेशी कोशिका

(d) श्वेत रुधिर कोशिका

5. निम्नलिखित में से कौन-सा, कैरोटीनाभ (केरोटिनॉइड) वर्णक का प्रकार्य ***नहीं*** है ?

(a) शरदकालिक पत्तियों की पीली-नारंगी छटा के लिए उत्तरदायी है

(b) प्रकाशी-ऑक्सीकरण से पर्णहरित को संरक्षित करना

(c) हमारी आँखों में प्रकाश-संरक्षी भूमिका

(d) वर्णक तंत्र में अभिक्रिया केंद्र

6. किसी विश्व शतरंज विजेता (चैंपियन) के घुँघराले बाल, संलग्न कर्णपालि (attached earlobes) और मेचक (freckles) हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण (trait), आगे उसकी संतानों में अंतरित ***नहीं*** होगा ?

(a) शतरंज कौशल

(b) घुँघराले बाल

(c) संलग्न कर्णपालि (attached earlobes)

(d) मेचक (freckles)

7. मनुष्य में, हृदय के किस कक्ष (चैंबर) में फुफ्फुस से आने वाला ऑक्सीजन से भरपूर रक्त सर्वप्रथम पहुँचता है ?

(a) वाम अलिंद

(b) दक्षिण अलिंद

(c) वाम निलय

(d) दक्षिण निलय

8. खाद और जैविक कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वर्मी-कम्पोस्ट जैविक पदार्थ और पोषकों से समृद्ध होता है।
2. जैविक कृषि में जैव-उर्वरक और जैव-पीड़कनाशियों का प्रयोग नहीं होता है।
3. कीट, पीड़क और खरपतवार को नियंत्रित करने में सस्यावर्तन (crop rotation) लाभकारी होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

1. The central cytoplasmic region of a prokaryotic cell containing nucleic acids is called :

(a) Nucleus

(b) Nucleoid

(c) Nucleolus

(d) Plastid

2. Nearly all infants benefit from milk, but most adults cannot properly digest milk. If an elderly person can still digest milk, his body is producing enough of which enzyme ?

(a) Cellulase

(b) Amylase

(c) Pectase

(d) Lactase

3. The antibiotic penicillin can kill invading bacteria without harming human cells because it targets bacterial :

(a) Cell wall

(b) Plasma membrane

(c) Ribosome

(d) Chromosome

4. A researcher is studying different types of cells. In which cell type will he/she encounter the highest number of lysosomes ?

(a) Pancreatic cell

(b) Ovarian cell

(c) Muscle cell in the thigh of a runner

(d) White blood cell

5. Which one of the following is ***not*** a function of the pigment carotenoid ?

(a) Responsible for yellow-orange hues of autumnal leaves

(b) Protecting chlorophyll from photo-oxidation

(c) Photoprotective role in our eyes

(d) Reaction centre in the pigment system

6. A world chess champion has curly hair, attached earlobes and freckles. Which one of the following traits is ***not*** likely to be passed on to his/her offsprings ?

(a) Chess skills

(b) Curly hair

(c) Attached earlobes

(d) Freckles

7. In humans, which chamber of the heart receives oxygen-rich blood from the lungs first ?

(a) Left atrium

(b) Right atrium

(c) Left ventricle

(d) Right ventricle

8. Consider the following statements with reference to manure and organic farming :

1. Vermicompost is rich in organic matter and nutrients.
2. Biofertilizers and bio-pesticides are not used in organic farming.
3. Crop rotation is beneficial in controlling insects, pests and weeds.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**9.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(संरचना/ कोशिकांग)* | *सूची-II* *(प्रकार्य)* |
|---|---|
| A. सूत्रकणिका | 1. कोशिका के आकार का अनुरक्षण |
| B. साइटोपंजर | 2. यकृत कोशिकाओं में निराविषीकरण |
| C. चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका | 3. रसायनों का भंडारण और कोशिका विवर्धन |
| D. रसधानी | 4. कोशिकीय श्वसन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**10.** रोगों और रोग-प्रकारों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा, सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) पोलियो – विषाणुज रोग

(b) एथलीट फुट – कवक जनित रोग

(c) डेंगू ज्वर – अविषाणुज रोग

(d) काली खाँसी – जीवाणुज रोग

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, गति के द्वितीय नियम की गुणात्मक व्याख्या करता है ?

(a) किसी पिंड के कोणीय संवेग के परिवर्तन की दर, आरोपित बल के बराबर होती है।

(b) किसी पिंड के विस्थापन के परिवर्तन की दर, आरोपित बल के अनुक्रमानुपाती होती है।

(c) किसी पिंड के त्वरण के परिवर्तन की दर, आरोपित बल के अनुक्रमानुपाती होती है।

(d) किसी पिंड के संवेग के परिवर्तन की दर, आरोपित बल के बराबर होती है।

**12.** निम्नलिखित में से किस स्थिति में जल का त्रिक बिंदु प्राप्त होता है ?

(a) तापमान 273·16 K तथा 1 Pa दाब

(b) तापमान 273·16 K तथा $6{\cdot}11 \times 10^{-3}$ Pa दाब

(c) तापमान 0 K तथा $10^3$ Pa दाब

(d) तापमान 373 K तथा $6{\cdot}11 \times 10^{-3}$ Pa दाब

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऊष्मा चालकता का न्यूनतम गुणांक है ?

(a) $H_2$

(b) $H_2O$

(c) Cu

(d) Al

**14.** निम्नलिखित में से किस पीढ़ी (जेनरेशन) के कंप्यूटरों की हार्डवेयर प्रौद्योगिकी में माइक्रोप्रोसेसरों का उपयोग होता है ?

(a) द्वितीय पीढ़ी

(b) तृतीय पीढ़ी

(c) चतुर्थ पीढ़ी

(d) पंचम पीढ़ी

9. Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| *List-I (Structure / Organelle)* | | *List-II (Function)* |
|---|---|---|
| A. Mitochondria | 1. | Maintenance of cell shape |
| B. Cytoskeleton | 2. | Detoxification in liver cells |
| C. Smooth ER | 3. | Storage of chemicals and cell enlargement |
| D. Vacuoles | 4. | Cellular respiration |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

10. Which one among the following pairs of diseases and their types is ***not*** correctly matched ?

(a) Polio – Viral disease

(b) Athlete's foot – Fungal disease

(c) Dengue fever – Non-viral disease

(d) Whooping cough – Bacterial disease

11. Which one of the following statements qualitatively explains the second law of motion ?

(a) The rate of change of angular momentum of a body is equal to the applied force.

(b) The rate of change of displacement of a body is directly proportional to the applied force.

(c) The rate of change of acceleration of a body is directly proportional to the applied force.

(d) The rate of change of momentum of a body is equal to the applied force.

12. Which one of the following gives the triple point of water ?

(a) Temperature 273·16 K and Pressure 1 Pa

(b) Temperature 273·16 K and Pressure $6{\cdot}11 \times 10^{-3}$ Pa

(c) Temperature 0 K and Pressure $10^3$ Pa

(d) Temperature 373 K and Pressure $6{\cdot}11 \times 10^{-3}$ Pa

13. Which one among the following has the least coefficient of thermal conductivity ?

(a) $H_2$

(b) $H_2O$

(c) Cu

(d) Al

14. Which one among the following generation computers used microprocessors in their hardware technology ?

(a) Second Generation

(b) Third Generation

(c) Fourth Generation

(d) Fifth Generation

**15.** कोई X-किरण पुंज किसके द्वारा विक्षेपित हो सकती है ?

(a) किसी विद्युत क्षेत्र द्वारा

(b) किसी चुंबकीय क्षेत्र द्वारा

(c) किसी विद्युत क्षेत्र के साथ-साथ चुंबकीय क्षेत्र द्वारा

(d) न तो किसी विद्युत क्षेत्र, न ही किसी चुंबकीय क्षेत्र द्वारा

**16.** कोई वस्तु 20 cm वक्रता-त्रिज्या वाले किसी अवतल दर्पण के सामने 15 cm की दूरी पर रखी है । निर्मित प्रतिबिंब के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) यह प्रतिबिंब दर्पण से 30 cm दूर उसी ओर है, जिस ओर वह वस्तु है ।

(b) यह प्रतिबिंब दर्पण से 30 cm की दूरी पर दर्पण के पीछे की ओर है ।

(c) यह प्रतिबिंब दर्पण से 60 cm दूर उसी ओर है, जिस ओर वह वस्तु है ।

(d) यह प्रतिबिंब दर्पण से 60 cm की दूरी पर दर्पण के पीछे की ओर है ।

**17.** किसी चालक तार की वैद्युत प्रतिरोधकता के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) यदि तार की लंबाई को बढ़ाया जाए, तो चालक की प्रतिरोधकता बढ़ती है ।

(b) यदि तार की लंबाई को बढ़ाया जाए, तो चालक की प्रतिरोधकता घटती है ।

(c) यदि तार की लंबाई को परिवर्तित किया जाए, तो चालक की प्रतिरोधकता उतनी ही बनी रहती है ।

(d) यदि तार के अनुप्रस्थ-काट के क्षेत्रफल को बढ़ाया जाए, तो चालक की प्रतिरोधकता बढ़ती है ।

**18.** विद्युत सेलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) कोई प्राथमिक सेल पुन: आवेशन योग्य (rechargeable) होता है ।

(b) किसी द्वितीयक सेल को केवल एक बार उपयोग में लाया जा सकता है ।

(c) किसी बैटरी की emf, बैटरी द्वारा प्रति यूनिट धारा द्वारा प्रदत्त शक्ति होती है ।

(d) emf की यूनिट जूल होती है ।

**19.** किसी पिंड को धरातल से 45 m की ऊँचाई से 10 m/s की चाल से क्षैतिज रूप में फेंका जाता है । कितने समय के बाद वह पिंड धरातल से टकराएगा ? (मान लीजिए, $g = 10\ m/s^2$)

(a) 6 s

(b) 4 s

(c) 3 s

(d) 2 s

**20.** तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि किसी माध्यम के कण, तरंग की गति की दिशा में गति करते हैं, तो उस तरंग को अनुदैर्ध्य तरंग कहते हैं ।
2. यदि किसी माध्यम के कण, तरंग की गति की दिशा के लंबवत गति करते हैं, तो उस तरंग को अनुप्रस्थ तरंग कहते हैं ।
3. अनुप्रस्थ तरंगों से माध्यम के आकार में परिवर्तन हो सकता है, जबकि अनुदैर्ध्य तरंगों से माध्यम के घनत्व में परिवर्तन होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

15. An X-ray beam can be deflected by :

(a) An electric field

(b) A magnetic field

(c) An electric as well as a magnetic field

(d) Neither an electric field nor a magnetic field

16. An object is placed at a distance of 15 cm in front of a concave mirror with a radius of curvature of 20 cm. Which one among the following statements is correct for the image formed ?

(a) The image is 30 cm from the mirror on the same side as the object.

(b) The image is formed at a distance of 30 cm behind the mirror.

(c) The image is 60 cm from the mirror on the same side as the object.

(d) The image is formed at a distance of 60 cm behind the mirror.

17. Which one among the following statements regarding the electrical resistivity of a conducting wire is correct ?

(a) The resistivity of the conductor increases if the length of the wire is increased.

(b) The resistivity of the conductor decreases if the length of the wire is increased.

(c) The resistivity of the conductor remains the same if the length of the wire is changed.

(d) The resistivity of the conductor increases if the cross-sectional area of the wire is increased.

18. Which one among the following statements related to electric cells is correct ?

(a) A primary cell is rechargeable.

(b) A secondary cell can be used only once.

(c) The emf of a battery is the power provided by the battery per unit current.

(d) The unit of emf is Joule.

19. An object is launched horizontally from a height of 45 m above the ground with a speed of 10 m/s. The time at which the object will hit the ground is : (Take $g = 10 \text{ m/s}^2$)

(a) 6 s

(b) 4 s

(c) 3 s

(d) 2 s

20. Consider the following statements regarding waves :

1. If the particles of a medium move along the direction of motion of the wave, the wave is called a longitudinal wave.

2. If the particles of a medium move perpendicular to the direction of motion of the wave, the wave is called a transverse wave.

3. Transverse waves may involve change in the shape of the medium, whereas longitudinal waves involve change in the density of the medium.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**21.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* (*तत्त्व का प्रतीक*) | | *सूची-II* (*तत्त्व-समूह*) |
|---|---|---|
| A. | Sm | 1. संक्रमण तत्त्व |
| B. | Cs | 2. क्षार धातु |
| C. | Os | 3. ऐक्टिनॉइड तत्त्व |
| D. | Np | 4. लैंथेनॉइड तत्त्व |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**22.** द्रव्य (matter) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तत्त्वों को और अधिक सरल पदार्थों में नहीं तोड़ा जा सकता।
2. किसी यौगिक का परिवर्ती संघटन होता है और उसे तत्त्वों में तोड़ा जा सकता है।
3. कार्बन डाइसल्फाइड में गंधक का विलयन समांगी मिश्रण का एक उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 2

(b) 1 और 3

(c) केवल 3

(d) 1 और 2

**23.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एस्टरीकरण अभिक्रिया में सांद्रित $H_2SO_4$ का निर्जलीकारक के रूप में उपयोग किया जाता है।
2. साबुन का जलरागी भाग तेल है और जल में घुल जाता है।
3. वनस्पति तेल को वसा में रूपांतरित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में निकैल का प्रयोग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**24.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नाइट्रोजन | : | तीन अयुग्मित इलेक्ट्रॉन |
| (b) | कार्बन | : | चतु:संयोजक |
| (c) | क्लोरीन | : | दो स्थायी समस्थानिक रूप |
| (d) | हीलियम | : | द्विपरमाणुक गैस |

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ नाइट्रोजन गैस से शुद्ध किए जाते हैं, ताकि उनके ऑक्सीकरण को रोका जा सके।
2. मुँह का pH मान 5·5 से कम होने पर दाँतों का क्षय प्रारंभ हो जाता है।
3. धातुओं की अभिक्रियाशीलता Mg > Fe > Zn के क्रम में घटती जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) 2 और 3

(b) 1 और 3

(c) 1 और 2

(d) केवल 3

21. Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| *List-I (Symbol of Element)* | | *List-II (Group of Element)* | |
|---|---|---|---|
| A. | Sm | 1. | Transition Elements |
| B. | Cs | 2. | Alkali Metals |
| C. | Os | 3. | Actinoid Elements |
| D. | Np | 4. | Lanthanoid Elements |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

22. Consider the following statements regarding matter :

1. Elements cannot be broken down into simpler substances.
2. A compound has variable composition and can be broken down into elements.
3. The solution of sulphur in carbon disulphide is an example of a homogeneous mixture.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 2 only

(b) 1 and 3

(c) 3 only

(d) 1 and 2

23. Consider the following statements :

1. Concentrated $H_2SO_4$ is used as a dehydrating agent in esterification reaction.
2. The hydrophilic part of soap is oil and it dissolves in water.
3. Nickel is used as a catalyst in converting vegetable oil into fat.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

24. Which one among the following pairs is ***not*** correctly matched ?

(a) Nitrogen : Three unpaired electrons

(b) Carbon : Tetravalent

(c) Chlorine : Two stable isotopic forms

(d) Helium : Diatomic gas

25. Consider the following statements :

1. Packaged foods are purged with nitrogen gas in order to prevent their oxidation.
2. Tooth decay starts when pH of the mouth is lower than 5·5.
3. The reactivity of metals decreases in the order : Mg > Fe > Zn.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 2 and 3

(b) 1 and 3

(c) 1 and 2

(d) 3 only

26. यौगिक और रासायनिक सूत्र के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) विरंजक चूर्ण : $CaOCl_2$

(b) सोडाक्षार : $Na_2CO_3$

(c) बेकिंग पाउडर : $NaHCl_2$

(d) पेरिस प्लास्टर : $2CaSO_4.H_2O$

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कैल्सियम के बाइकार्बोनेटों की विद्यमानता के कारण जल की अस्थायी कठोरता होती है।
2. विलेय क्लोराइडों और कैल्सियम एवं मैग्नीशियम के सल्फेटों की विद्यमानता के कारण जल की स्थायी कठोरता होती है।
3. जल में $Na_2CO_3$ को मिला कर जल की स्थायी कठोरता को दूर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

28. मिसेल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) साबुन के अणु दीर्घ-श्रृंखला वाले कार्बोक्सिलिक अम्लों के सोडियम या पोटैशियम लवण होते हैं।

(b) आयन-आयन विकर्षण के कारण मिसेल विलयन में से अवक्षेपित हो जाते हैं।

(c) मिसेल के केंद्र में चिकनाई (ग्रीज़) एकत्र हो जाती है।

(d) साबुन के मिसेल प्रकाश को बिखेरते हैं।

29. क्षारकों (बेस) और क्षारों (ऐल्कली) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सभी क्षारक पानी में घुल जाते हैं।
2. जो क्षारक जल में विलेय हैं, उन्हें क्षार कहते हैं।
3. कोई क्षार छूने में साबुनी, कड़वा और संक्षारक होता है।
4. क्षार में जल मिलाने से ऊष्मा उत्पन्न होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3 और 4

30. आधुनिक आवर्त सारणी के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. आवर्तक पर बाईं से दाहिनी ओर जाने पर परमाणु की त्रिज्या बढ़ती जाती है।
2. जर्मेनियम, टेल्यूरियम, और ताम्र संक्रमण धातुएँ हैं।
3. क्लोरीन के दो समस्थानिक, आवर्त सारणी में एक ही स्थान पर होते हैं।
4. Ca, Ba, Be और Sr के धात्विक गुणधर्म $Be < Ca < Sr < Ba$ के क्रम का अनुगमन करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 3

(b) 1 और 4

(c) 2 और 3

(d) 3 और 4

**26.** Which one among the following pairs of compound and chemical formula is ***not*** correctly matched ?

(a) Bleaching powder : $CaOCl_2$

(b) Soda ash : $Na_2CO_3$

(c) Baking powder : $NaHCl_2$

(d) Plaster of Paris : $2CaSO_4.H_2O$

**27.** Consider the following statements :

1. The temporary hardness in water is due to the presence of bicarbonates of calcium.
2. The permanent hardness in water is due to the presence of soluble chlorides and sulphates of calcium and magnesium.
3. The permanent hardness in water is removed by adding $Na_2CO_3$ to water.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**28.** Which one among the following statements regarding micelles is ***not*** correct ?

(a) Soap molecules are sodium or potassium salts of long-chain carboxylic acids.

(b) Micelles precipitate out of solution because of ion-ion repulsion.

(c) Grease gets collected in the centre of the micelle.

(d) Soap micelles scatter light.

**29.** Consider the following statements regarding bases and alkalis :

1. All bases dissolve in water.
2. Bases which are soluble in water are called alkalis.
3. An alkali is soapy to touch, bitter and corrosive.
4. Addition of water to an alkali generates heat.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1 and 2 only

(d) 3 and 4 only

**30.** Which of the following statements relating to the Modern Periodic Table is/are correct ?

1. The atomic radius increases on moving from left to right across a period.
2. Germanium, Tellurium, and Copper are transition metals.
3. The two isotopes of Chlorine occupy the same position in the periodic table.
4. The metallic property of Ca, Ba, Be and Sr follows the order : Be < Ca < Sr < Ba.

Select the answer using the codes given below :

(a) 3 only

(b) 1 and 4

(c) 2 and 3

(d) 3 and 4

**31.** निम्नलिखित कम्प्यूटर भाषाओं में से कौन-सी, कोडांतरण (असेम्बली) भाषा/भाषाएँ है/हैं ?

1. पाइथन
2. जावा
3. x86
4. MIPS

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 3 और 4

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सी, फ्लैश मेमोरी की एक विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) यह पराबैंगनी मिटाई जा सकने वाली क्रमादेश्य (Programmable) ROM है।
(b) यह वैद्युतिक रूप से मिटाई जा सकने वाली क्रमादेश्य (Programmable) ROM है।
(c) यह विद्युत आपूर्ति के बिना डेटा को धारण करती है।
(d) यह एक अनह्रासी स्मृति (non-volatile memory) है।

**33.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा, यूनिक्स (UNIX) ऑपरेटिंग सिस्टम के संबंध में सही ***नहीं*** है ?

(a) इसे C में लिखा जाता है।
(b) यह विविध प्रकार के कम्प्यूटरों में सुवाह्य है।
(c) यह बहु-प्रयोक्ता ऑपरेटिंग सिस्टम है।
(d) इसे कई प्रयोक्ताओं द्वारा एक साथ प्रयोग (time-shared) नहीं किया जा सकता।

**34.** MP3 कंप्रेशन स्कीम में, किसी 60 मिनट के संगीत को लगभग कितने MB में संचित किया जा सकता है ?

(a) 600 MB
(b) 200 MB
(c) 50 MB
(d) 10 MB

**35.** कोड डिवीज़न मल्टिपल ऐक्सेस (CDMA) प्रौद्योगिकी मुख्यत: किसमें प्रयुक्त होती है ?

(a) मोबाइल फोन संचार
(b) एक्स-रे
(c) कृत्रिम बुद्धिमत्ता
(d) रंगीन ज़ेरॉक्स

**36.** भारत की संघ सरकार के 2025 – 26 के बज़ट में राजस्व व्यय का प्रमुख भाग निम्नलिखित मदों में से किसका है ?

(a) पेंशन
(b) ब्याज अदायगी
(c) सड़क परिवहन और राजमार्ग
(d) रक्षा सेवाएँ

**37.** प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना (PMFBY) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. PMFBY, किसानों को अनिरोधक (non-preventable) प्राकृतिक जोखिमों के कारण होने वाले फ़सल के नुकसान के लिए जोखिम बीमा प्रदान करता है।
2. PMFBY, बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के मामले में ₹ 2 लाख की जोखिम सुरक्षा प्रदान करता है।
3. PMFBY, कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को सुनिश्चित करता है।
4. PMFBY, बीमाकृत व्यक्ति की पूर्ण नि:शक्तता के लिए ₹ 2 लाख की जोखिम सुरक्षा प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 1 और 4

31. Which of the following computer languages is/are assembly language(s) ?

1. Python
2. Java
3. x86
4. MIPS

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 3 and 4

32. Which one of the following is ***not*** a characteristic of flash memory ?

(a) It is an ultraviolet erasable programmable ROM.
(b) It is an electrically erasable programmable ROM.
(c) It retains data without power.
(d) It is a non-volatile memory.

33. Which one of the following statements is ***not*** correct with regard to the UNIX operating system ?

(a) It is written in C.
(b) It is portable to a variety of computers.
(c) It is a multi-user operating system.
(d) It cannot be time-shared by several users.

34. In MP3 compression scheme, 60 minutes of music can be stored in about :

(a) 600 MB
(b) 200 MB
(c) 50 MB
(d) 10 MB

35. Code Division Multiple Access (CDMA) technology is primarily used in :

(a) Mobile phone communication
(b) X-ray
(c) Artificial Intelligence
(d) Colour Xerox

36. Which one of the following items comprises the major portion of Revenue Expenditure in Budget 2025 – 26 of the Union Government of India ?

(a) Pension
(b) Interest Payments
(c) Road Transport and Highways
(d) Defence Services

37. Consider the following statements with respect to Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) :

1. PMFBY provides risk insurance to farmers against crop damage due to non-preventable natural risks.
2. PMFBY provides risk coverage of ₹ 2 lakh in case of death of the insured.
3. PMFBY ensures flow of credit to the agriculture sector.
4. PMFBY provides risk coverage of ₹ 2 lakh for complete disability of the insured.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3
(c) 1 and 3
(d) 1 and 4

38. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से, स्त्री-पुरुष असमानता सूचकांक (GII) के संबंध में सही है/हैं ?

1. GII, कार्य-सहभागिता, संपत्ति और आय के आयामों में लिंग-आधारित अहितकर स्थिति दर्शाता है।

2. GII, जनन स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और श्रम बाज़ार के आयामों में लिंग-आधारित अहितकर स्थिति दर्शाता है।

3. GII का मान 0 से 1 के बीच होता है, जिसमें 0 GII यह सूचित करता है कि स्त्री और पुरुष सभी मामलों में समान रूप से आगे बढ़ रहे हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

39. बहुआयामी निर्धनता सूचकांक (MPI) का मापन किसके द्वारा किया जाता है ?

(a) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर आयामों के संकेतकों पर प्रत्येक व्यक्ति के अतिव्यापी अभावों को मापना

(b) संपत्ति, आय और जीवन-स्तर आयामों के संकेतकों पर प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग दक्षताओं को मापना

(c) स्वास्थ्य, सुख और वाहनों के स्वामित्व के संकेतकों पर प्रत्येक व्यक्ति की निर्धनता को मापना

(d) संपत्ति, आय और जीवन-स्तर आयामों के संबंध में असमानताओं और अभावों को मापना

40. पर्यावरणीय रूप से संधारणीय और जलवायु-अनुकुल परियोजनाओं में निवेश के लिए आगम (proceeds) सृजित करने वाले वित्तीय लिखत क्या कहलाते हैं ?

(a) हरित (ग्रीन) बॉन्ड

(b) कार्बन बॉन्ड

(c) जलवायु क्रेडिट बॉन्ड

(d) सामाजिक प्रभाव बॉन्ड

41. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, भारत में उभरते हुए (सनराइज) क्षेत्रों की सूची में सम्मिलित है ?

(a) विनिर्माण क्षेत्र

(b) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र

(c) वस्त्र (टेक्सटाइल) क्षेत्र

(d) सेवा क्षेत्र

42. निम्नलिखित में से कौन-से देश, वर्ष 1985 में स्थापित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के संस्थापक सदस्य थे ?

1. भारत

2. नेपाल

3. मालदीव

4. अफ़गानिस्तान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

38. Which of the following statements with respect to the Gender Inequality Index (GII) is/are correct ?

1. GII reflects gender-based disadvantage in work participation, property and income dimensions.
2. GII reflects gender-based disadvantage in reproductive health, empowerment and the labour market dimensions.
3. The value of GII ranges from 0 to 1, with a GII of 0 indicating women and men faring equally in all dimensions.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

39. The Multidimensional Poverty Index (MPI) is measured by :

(a) Measuring each person's overlapping deprivations across the indicators in the health, education and standard of living dimensions
(b) Measuring each person's separate efficiencies across the indicators in the wealth, income and standard of living dimensions
(c) Measuring each person's poverty on the indicators of health, happiness and ownership of vehicles
(d) Measuring inequalities and deprivations in respect of wealth, income and standard of living dimensions

40. The financial instruments that generate proceeds for investment in environmentally sustainable and climate-suitable projects are called as :

(a) Green Bonds
(b) Carbon Bonds
(c) Climate Credit Bonds
(d) Social Impact Bonds

41. Which one among the following sectors is included in the list of the Sunrise Sectors in India ?

(a) Manufacturing Sector
(b) Food Processing Sector
(c) Textile Sector
(d) Services Sector

42. Which of the following countries were the founding members of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC), established in 1985 ?

1. India
2. Nepal
3. Maldives
4. Afghanistan

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

43. भारत सरकार ने दलहनों में आत्मनिर्भरता के लिए, किन दलहनों की MSP पर 100 प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, 6-वर्षीय मिशन की घोषणा की है ?

(a) उड़द, सोयाबीन और मसूर

(b) तूर, उड़द और मसूर

(c) मसूर, चना और तूर

(d) मूँग, तूर और सोयाबीन

44. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा, शिशु मृत्यु दर (IMR) को सटीक रूप से परिभाषित करता है ?

(a) IMR, किसी स्त्री के, उसके पूरे जीवनकाल में, पैदा हुए शिशुओं की औसत संख्या होती है।

(b) IMR, एक वर्ष में एक वर्ष की आयु पूरी करने से पूर्व हुई प्रति 1000 शिशु-मृत्यु पर पैदा हुए शिशुओं की औसत संख्या होती है।

(c) IMR, एक वर्ष में प्रति 1000 जीवित शिशु-जन्म पर, एक वर्ष से कम की आयु के शिशुओं की मृत्यु की संख्या होती है।

(d) IMR, प्रति वर्ष एक वर्ष से कम आयु के शिशुओं की मृत्यु की संख्या होती है।

45. निम्नलिखित सूचकांकों में से कौन-सा, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शासन की स्थिति का आकलन करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है ?

(a) संधारणीय शासन सूचकांक

(b) ई-शासन सूचकांक

(c) शहरी शासन सूचकांक

(d) सुशासन सूचकांक

46. वर्ष 1893 में, शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण का प्रारंभ निम्नलिखित में से किन शब्दों से किया था ?

(a) अमेरिका के बहनों और भाइयों

(b) विश्व के प्रिय नागरिकों

(c) विश्व के भाइयों और बहनों

(d) सम्मानित भाइयों और बहनों

47. मई, 1915 में गाँधीजी ने निम्नलिखित में से किसे अपना *राज्य गुरु* कहा ?

(a) बाल गंगाधर तिलक

(b) गोपाल कृष्ण गोखले

(c) जी.जी. आगरकर

(d) दादाभाई नौरोजी

48. स्वदेशी आन्दोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वदेशी आन्दोलन का जन्म विभाजन-विरोधी आन्दोलन से हुआ था, जो बंगाल-विभाजन के ब्रिटिश निर्णय का विरोध करने के लिए आरंभ किया गया था।

2. अरविंद घोष इस बात के पक्ष में थे कि इस आन्दोलन को भारत के शेष भागों में फैलाया जाए और इसे केवल स्वदेशी और बहिष्कार कार्यक्रम से परे एक संपूर्ण राजनीतिक जन-संघर्ष का रूप दिया जाए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**43.** The Government of India has announced a 6-year Mission for *Aatmanirbharta* (Self-reliance) in Pulses with a special focus to ensure 100 percent procurement at MSP of :

(a) Urad, Soyabean and Masoor

(b) Tur, Urad and Masoor

(c) Masoor, Chana and Tur

(d) Moong, Tur and Soyabean

**44.** Which one among the following statements correctly defines the Infant Mortality Rate (IMR) ?

(a) IMR is the average number of infants born to a woman over her lifetime.

(b) IMR is the average number of infants born in a year per 1000 deaths before attaining one year of age.

(c) IMR is the number of deaths of infants under one year old per 1000 live births in a year.

(d) IMR is the number of deaths of infants under one year of age per year.

**45.** Which one of the following indexes is used to assess the state of governance across the States and UTs ?

(a) Sustainable Governance Index

(b) E-Governance Index

(c) Urban Governance Index

(d) Good Governance Index

**46.** Swami Vivekananda's speech in the World Parliament of Religions at Chicago in 1893 opened with which of the following words ?

(a) Sisters and brothers of America

(b) Dear citizens of the world

(c) Brothers and sisters of the world

(d) Esteemed brothers and sisters

**47.** Who among the following was called by Gandhiji as his *Rajya Guru* in May, 1915 ?

(a) Bal Gangadhar Tilak

(b) Gopal Krishna Gokhale

(c) G.G. Agarkar

(d) Dadabhai Naoroji

**48.** With reference to the Swadeshi Movement, consider the following statements :

1. The Swadeshi Movement had its genesis in the Anti-Partition movement, which was started to oppose the British decision to partition Bengal.

2. Aurobindo Ghosh was in favour of extending the movement to the rest of India and carrying it beyond the programme of just Swadeshi and Boycott to a full-fledged political mass struggle.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

49. जूनागढ़ के रुद्रदमन के शिलालेख के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस शिलालेख की लिपि खरोष्ठी है और भाषा प्राकृत है।
2. इस शिलालेख में सुदर्शन झील नामक एक जलाशय के पुनरुद्धार का अभिलेख है।
3. यह एक तिथि-रहित शिलालेख है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

50. बोवर पांडुलिपि, प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस विषय के मूल्यवान स्रोत के रूप में जानी जाती थी ?

(a) चिकित्सा
(b) गणित
(c) खगोल-विज्ञान
(d) रसायन विज्ञान

51. जब लेजिस्लेटिव काउंसिल के समक्ष वर्नाकुलर प्रेस बिल लाया गया था, तब निम्नलिखित में से उपस्थित एकमात्र भारतीय सदस्य कौन थे ?

(a) जतींद्र मोहन टैगोर
(b) पियारी मोहन मुखर्जी
(c) दिनशॉ पेटिट
(d) दादाभाई नौरोजी

52. रानीगुम्फा गुफा (ओडिशा) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रानीगुम्फा गुफा अनलंकृत है और इसमें कोई भित्ति-चित्रण या मूर्तिकला नहीं है।
2. रानीगुम्फा गुफा दो-मंज़िली है।
3. रानीगुम्फा गुफा में एक अंडाकार प्रांगण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

53. मध्य-पाषाण युगीन स्थल बागोर सबसे अच्छी तरह अभिलेखबद्ध स्थलों में से एक है। यह कहाँ स्थित है ?

(a) राजस्थान
(b) मध्य प्रदेश
(c) हरियाणा
(d) पंजाब

54. किन दो नव-पाषाण युगीन स्थलों में विस्तीर्ण गर्त-निवास (पिट-ड्वेलिंग) पहचाने गए हैं ?

(a) पिकलिहाल और मास्की
(b) चिरांद और टेक्कलकोटा
(c) कोडेकल और हल्लूर
(d) बुर्जहोम और गुफकराल

55. निम्नलिखित में से किस नदी-तंत्र में ताम्र-पाषाण युगीन आहड़ संस्कृति पहचानी गई है ?

(a) सरयू और गंगा नदी-तंत्र
(b) कृष्णा और तुंगभद्रा नदी-तंत्र
(c) बनास और बेड़च नदी-तंत्र
(d) ब्रह्मपुत्र और मेघना नदी-तंत्र

**49.** With reference to the Junagadh inscription of Rudradaman, consider the following statements :

1. The script of this inscription is Kharosthi and the language is Prakrit.
2. The inscription records the restoration of a reservoir called Sudarshana Lake.
3. It is an undated inscription.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**50.** The Bower Manuscript is known for being a valuable source on which one of the following subjects in ancient India ?

(a) Medicine

(b) Mathematics

(c) Astronomy

(d) Chemistry

**51.** Who among the following was the only Indian member to be present when the Vernacular Press Bill came up before the Legislative Council ?

(a) Jotendra Mohan Tagore

(b) Peary Mohan Mukherjea

(c) Dinshaw Petit

(d) Dadabhai Naoroji

**52.** With reference to the Ranigumpha Cave (Odisha), consider the following statements :

1. Ranigumpha Cave is plain and contains no murals or sculptures.
2. Ranigumpha Cave is two-storeyed.
3. Ranigumpha Cave consists of an oval courtyard.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**53.** The Mesolithic site of Bagor is one of the most well-documented sites. It is located in :

(a) Rajasthan

(b) Madhya Pradesh

(c) Haryana

(d) Punjab

**54.** Extensive pit-dwellings have been identified at the two Neolithic sites of :

(a) Piklihal and Maski

(b) Chirand and Tekkalkota

(c) Kodekal and Hallur

(d) Burzahom and Gufkral

**55.** The Chalcolithic Ahar Culture has been identified in which of the following river systems ?

(a) Sarayu and Ganga river systems

(b) Krishna and Tungabhadra river systems

(c) Banas and Berach river systems

(d) Brahmaputra and Meghna river systems

56. निम्नलिखित में से कौन-सा, नवपाषाणयुगीन स्थल है ?

(a) भीमबेटका

(b) उटनूर

(c) आदमगढ़

(d) बीरभानपुर

57. 100 BCE – 200 CE की अवधि के दौरान, भारत के समुद्री व्यापार संपर्कों के मूल्यवान साक्ष्य, कोरोमंडल तटीय क्षेत्र के निम्नलिखित में से किस स्थल में पहचाने गए हैं ?

(a) अरिकमेडु

(b) ताम्रलिप्ति

(c) भरुकच्छ

(d) मुचिरि

58. गुप्तकालीन प्रशासनिक प्रणाली के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गुप्त राजाओं ने *महाराजाधिराज*, *परम-भट्टारक* और *परमेश्वर* जैसी राजसी उपाधियाँ धारण कीं।

2. गुप्त राजाओं ने *परम-दैवत* और *परम-भागवत* जैसे नाम-विशेषणों के माध्यम से स्वयं को देवताओं से भी जोड़ा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

59. भारत के विषय में अत्यंत समृद्ध और रोचक विवरण प्रदान करने वाली, अरबी में लिखी गई *रिहला* नामक यात्रा-वृत्तांत पुस्तक का लेखक कौन था ?

(a) अल-बरूनी

(b) इब्न बतूता

(c) फ्राँस्वा बर्नियर

(d) निज़ामुद्दीन अहमद

60. बारहवीं शताब्दी में, कर्नाटक में बसवन्ना (1106-68 CE) के नेतृत्व में, जो कि कलचुरी शासक के दरबार में एक मंत्री थे, एक नए आन्दोलन का उद्भव देखा गया। उनके अनुयायियों को किस नाम से जाना गया ?

(a) वीरशैव

(b) पुष्टिमार्गी

(c) अवधूत

(d) नाथपंथी

61. औद्योगिक क्रान्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. औद्योगिक क्रान्ति के दौरान हस्तकला का स्थान, विद्युत-चालित यंत्रों (मशीनरी) ने ले लिया।

2. औद्योगीकृत देश अपने उद्योगों के लिए आवश्यक कच्चे मालों की आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर निर्भर हो गए।

3. कारखानों में यंत्रों (मशीनरी) की सहायता से बड़े पैमाने पर उत्पादन आरंभ हो गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**56.** Which one of the following is a Neolithic site ?

(a) Bhimbetka

(b) Utnur

(c) Adamgarh

(d) Birbhanpur

**57.** During the period 100 BCE – 200 CE, valuable evidence of India's maritime trade links has been identified from which of the following sites on the Coromandel Coast ?

(a) Arikamedu

(b) Tamralipti

(c) Bharukachcha

(d) Muchiri

**58.** Consider the following statements about the Gupta administrative system :

1. The Gupta kings assumed imperial titles such as *Maharajadhiraja, Parama-bhattaraka* and *Parameshvara.*

2. The Gupta kings also connected themselves with the Gods through epithets such as *Parama-daivata* and *Parama-bhagavata.*

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**59.** Who was the author of the book of travels, called *Rihla*, written in Arabic, providing extremely rich and interesting details about India ?

(a) Al-Biruni

(b) Ibn Battuta

(c) François Bernier

(d) Nizamuddin Ahmad

**60.** The twelfth century witnessed the emergence of a new movement in Karnataka, led by Basavanna (1106-68 CE) who was a minister in the court of a Kalachuri ruler. His followers were known as :

(a) Virashaivas

(b) Pushtimargis

(c) Avadhoots

(d) Nathpanthis

**61.** With reference to the Industrial Revolution, consider the following statements :

1. The Industrial Revolution saw the replacement of handicrafts by power-driven machinery.

2. The industrialised countries became dependent upon other countries for the supply of raw materials necessary for their industries.

3. Large-scale production started with the help of machinery in factories.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

62. अशोक के शिलालेखों और अवस्थानों (location) के युग्मों में से कौन-सा/कौन-से सही सुमेलित है/हैं ?

1. जौगड़ा : कर्नाटक
2. बहापुर : नई दिल्ली
3. राजुला-मंदागिरि : आंध्र प्रदेश

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

63. प्राचीन भारत में, भारत-रोम व्यापार के संदर्भ में, शब्द *'औरेई (aurei)'* किसको निर्देशित करता है ?

(a) इत्र
(b) मदिरा
(c) काली मिर्च
(d) सिक्के

64. सुस्पष्ट और भाव-पूर्ण लघुचित्र शैली *बसोहली*, भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबद्ध है ?

(a) बिहार
(b) छत्तीसगढ़
(c) मध्य प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश

65. छठी शताब्दी BCE में मगध के सर्वाधिक शक्तिशाली महाजनपद के रूप में उभरने के पीछे निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कारक उत्तरदायी था/थे ?

1. उत्पादक कृषि-क्षेत्र का होना
2. लोह की खानों का सुगम्य होना
3. उस क्षेत्र में हाथियों का उपलब्ध होना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

66. पृथ्वी की उत्पत्ति का सिद्धांत और उसके प्रस्तुतकर्ता के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/कौन-से सही सुमेलित है/हैं ?

1. गैसीय परिकल्पना : कांट
2. द्वैतारक परिकल्पना : रसेल
3. ग्रहाणु परिकल्पना : चैम्बरलिन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

67. आग्नेय शैल के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) जब पृथ्वी के गहरे अभ्यंतर में मैग्मा ठंडी होती है, तब इसके परिणामस्वरूप सूक्ष्म-कणिक आग्नेय शैल की रचना होती है।
(b) बेसाल्ट एक प्रकार का अंतर्वेधी आग्नेय शैल है।
(c) आग्नेय शैल के सर्वाधिक खनिज सिलिकेट होते हैं।
(d) बहिर्वेधी आग्नेय शैलों में प्राय: शिलीभवन होता है।

68. कायांतरित शैलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऑर्थो-कायांतरित (ऑर्थो-मेटामॉर्फिक) शैल आग्नेय शैलों से बनते हैं।
2. अंतर्वेधी मैग्मा की तीव्र ऊष्मा के परिणामस्वरूप आस-पास के शैलों का कायांतरण होता है, जिस प्रक्रिया को गतिक कायांतरण कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

62. Which of the pairs of Ashokan inscription and location is/are correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. Jaugada | : | Karnataka |
| 2. Bahapur | : | New Delhi |
| 3. Rajula-Mandagiri | : | Andhra Pradesh |

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 3 only

(d) 2 and 3 only

63. With reference to the Indo-Roman trade in ancient India, the term *'aurei'* refers to :

(a) Perfume

(b) Wine

(c) Black Pepper

(d) Coins

64. *Basohli,* a bold and intense style of miniature painting, is associated with which one of the following regions of India ?

(a) Bihar

(b) Chhattisgarh

(c) Madhya Pradesh

(d) Himachal Pradesh

65. Which of the following factors was/were responsible for the rise of Magadha as the most powerful Mahajanapada during the $6^{th}$ century BCE ?

1. Region of productive agriculture
2. Accessibility to iron-mines
3. Availability of elephants in the region

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

66. Which of the following pairs of theories about origin of the Earth and their propounders is/are correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| 1. Gaseous Hypothesis | : | Kant |
| 2. Binary Star Hypothesis | : | Russell |
| 3. Planetesimal Hypothesis | : | Chamberlin |

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

67. Which one among the following statements regarding igneous rock is correct ?

(a) When magma cools deep in the Earth's interior, it results in the formation of fine-grained igneous rocks.

(b) Basalt is a type of intrusive igneous rock.

(c) Most of the minerals of igneous rocks are silicates.

(d) Extrusive igneous rocks often undergo lithification.

68. Consider the following statements regarding metamorphic rocks :

1. Ortho-metamorphic rocks are formed from igneous rocks.
2. Intense heat of the intruding magmas results in metamorphism of the surrounding rocks, a process known as dynamic metamorphism.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

69. ज्वालामुखी शंकुओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ज्वालामुखी उद्गार के दौरान, अत्यधिक श्यान लावा द्वारा आम्ल लावा शंकु बनते हैं।
2. श्यान लावा में उच्च गतिशीलता होती है और वे लंबी दूरियों तक गमन कर सकते हैं।
3. आम्ल लावा के परिणामस्वरूप अतिप्रवण ढलानों वाले ऊँचे शंकु बनते हैं।
4. मिश्र शंकु उच्चतम ज्वालामुखी शंकु होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

70. बलकृत अपक्षय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अपेक्षाकृत अधिक संहत और अत्यंत संपिंडित शैल हिमीभवन और हिमद्रवण से होने वाले अपक्षय से सबसे कम प्रभावित होते हैं।
2. तप्त मरुस्थलों में शैलों का टुकड़े-टुकड़े होना अपेक्षाकृत अत्यधिक सामान्य है।
3. क्रिस्टलीय शैलों में प्रायः अपशल्कन की प्रवणता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

71. ताप के भूपृष्ठीय व्युत्क्रमण के कारणों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भूपृष्ठीय व्युत्क्रमण को विकिरण व्युत्क्रमण भी कहा जाता है।
2. ऋणात्मक ह्रास दर की विद्यमानता के परिणामस्वरूप पृष्ठीय व्युत्क्रमण होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I* *(वन प्रकार)* | | *सूची-II* *(जाति)* |
|---|---|---|
| A. उष्णकटिबंधीय आर्द्र वन | 1. | कैल |
| B. वेलांचली और अनूप वन | 2. | खैर |
| C. उष्णकटिबंधीय कंटक वन | 3. | सोनेरेशिया |
| D. अल्पाइन वन | 4. | रोज़वुड |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

69. Consider the following statements regarding Volcanic Cones :

1. During volcanic eruptions, acid lava cones are formed by highly viscous lavas.
2. Viscous lavas have high mobility and can travel for long distances.
3. Acid lavas result in the formation of high cones with steep slopes.
4. Composite cones are the highest volcanic cones.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

70. Consider the following statements about Mechanical Weathering :

1. More compact and highly consolidated rocks are least affected by freeze-thaw weathering.
2. Shattering of rocks is more common in hot deserts.
3. Crystalline rocks are often prone to exfoliation.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

71. Consider the following statements about the causes of ground surface inversion of temperature :

1. Ground surface inversion is also termed as radiation inversion.
2. The existence of negative lapse rate results in surface inversion.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

72. Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| *List-I* *(Forest type)* | *List-II* *(Specie)* |
|---|---|
| A. Tropical Moist Forest | 1. Kail |
| B. Littoral and Swamp Forest | 2. Khair |
| C. Tropical Thorn Forest | 3. Sonneratia |
| D. Alpine Forest | 4. Rosewood |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**73.** उत्तरपश्चिमी हिमालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कश्मीर की करेवा संरचनाएँ हिमनदीय मृत्तिका और अन्य पदार्थों के सघन निक्षेप से बनी हैं, जिसमें हिमोढ़ (मोरेन) अन्तःस्थापित हैं।
2. लद्दाख की पैंगोंग त्सो और त्सो मोरीरी मीठे पानी की झीलें हैं।
3. कश्मीर घाटी में झेलम नदी विसर्पी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**74.** भारत में सूखा (Drought) के प्रकारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मौसमी सूखा तब होता है, जब औसत वार्षिक वर्षा 75% से कम होती है।
2. चरम आर्द्रता प्रतिबल के फलस्वरूप कृषि सूखा उत्पन्न होता है।
3. मृदा आर्द्रता सूखा मौसमी सूखे से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**75.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (वन अनुसंधान संस्थान)* | *सूची-II (अवस्थान)* |
|---|---|
| A. उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान | 1. प्रयागराज |
| B. वर्षा वन अनुसंधान संस्थान | 2. जोरहाट |
| C. हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान | 3. जबलपुर |
| D. पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केंद्र | 4. शिमला |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**76.** भारत की काली मृदाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. दक्कन के पठार का अधिकांश भाग काली मृदाओं से आच्छादित है।
2. 'रेगुर' के नाम से भी जानी जाने वाली ये मृदाएँ सामान्यत: मृण्मय, गहन और अपारगम्य हैं।
3. चूँकि ये अपारगम्य हैं, अत: काली मृदाओं में वर्षा-सिंचित फ़सलें नहीं उगती हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

**73.** Consider the following statements regarding the Northwestern Himalayas :

1. Karewa formations in Kashmir consist of thick deposits of glacial clay and other materials embedded with moraines.
2. Pangong Tso and Tso Moriri in Ladakh are freshwater lakes.
3. River Jhelum exhibits meanders in the Kashmir Valley.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**74.** Consider the following statements about the types of drought in India :

1. A meteorological drought occurs when the mean annual rainfall is less than 75%.
2. Agricultural drought arises out of extreme moisture stress.
3. Soil moisture drought is related to meteorological drought.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**75.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| | *List-I (Forest Research Institute)* | *List-II (Location)* |
|---|---|---|
| A. | Tropical Forest Research Institute | 1. Prayagraj |
| B. | Rain Forest Research Institute | 2. Jorhat |
| C. | Himalayan Forest Research Institute | 3. Jabalpur |
| D. | Forest Research Centre for Eco-Rehabilitation | 4. Shimla |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**76.** Which of the following statements about the Black Soils of India is/are correct ?

1. Black Soils cover most of the Deccan Plateau.
2. Also known as 'Regur', they are generally clayey, deep and impermeable.
3. Since they are impermeable, rainfed crops do not grow well in Black Soils.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

77. पूर्वोत्तर भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी नदी "दिहांग" के नाम से भी जानी जाती है ?

(a) डिखो

(b) ब्रह्मपुत्र

(c) सुबनसिरी

(d) तीस्ता

78. हिमालय में अति उच्चता (High altitude) वाला दर्रा 'शिपकी-ला' किस घाटी में स्थित है ?

(a) चुम्बी घाटी

(b) ब्रह्मपुत्र घाटी

(c) सतलुज घाटी

(d) तीस्ता घाटी

79. रासायनिक अपक्षयण के दौरान, जब फेल्ड्सपार में विद्यमान खनिज केओलिनाइट मृदाओं में परिवर्तित हो जाते हैं, तो उस प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?

(a) कार्बोनेटीकरण

(b) कीलेटीकरण

(c) जलयोजन

(d) ऑक्सीकरण

80. राष्ट्रीय उद्यान और उनके अवस्थानों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रणथंभौर | : | राजस्थान |
| (b) | गिर | : | गुजरात |
| (c) | नंदनकानन | : | ओडिशा |
| (d) | कैबुल लमजाओ | : | अरुणाचल प्रदेश |

81. निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत में सरकार के स्वामित्व वाली पहली और सबसे पुरानी कोयला खनन कंपनी है ?

(a) नेयवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(b) ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

(c) सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड

(d) महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

82. महासागर धाराओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. महासागर धाराओं के बनने के लिए मुख्य कारण जल घनत्व में अंतर का होना है।
2. जल का घनत्व तापमान, लवणता और दाब पर निर्भर होता है।
3. सामान्यत: महासागर जल उच्चतर घनत्व क्षेत्रों से निम्नतर घनत्व क्षेत्रों की ओर धारा के रूप में बहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2 और 3

83. सरगासो सागर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एकमात्र सागर है, जिसकी कोई भू-सीमा नहीं है।
2. अटलांटिक महासागर में, सरगासो सागर की लवणता न्यूनतम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

77. Which one of the following rivers is also known by the name of "Dihang" in Northeast India ?

(a) Dikhow

(b) Brahmaputra

(c) Subansiri

(d) Teesta

78. 'Shipki La', a high altitude pass in the Himalayas, is located in :

(a) Chumbi Valley

(b) Brahmaputra Valley

(c) Satluj Valley

(d) Teesta Valley

79. During chemical weathering, when minerals in feldspar change to kaolinite clays, the process is termed as :

(a) Carbonation

(b) Chelation

(c) Hydration

(d) Oxidation

80. Which one among the following pairs of National Parks and locations is ***not*** correctly matched ?

(a) Ranthambore : Rajasthan

(b) Gir : Gujarat

(c) Nandankanan : Odisha

(d) Keibul Lamjao : Arunachal Pradesh

81. Which one among the following is the first and the oldest Government-owned coal mining company in India ?

(a) Neyveli Lignite Corporation Limited

(b) Eastern Coalfields Limited

(c) Singareni Collieries Company Limited

(d) Mahanadi Coalfields Limited

82. Consider the following statements regarding ocean currents :

1. Difference in water density is the main cause for the formation of ocean currents.
2. Density of water depends on temperature, salinity and pressure.
3. As a rule, ocean waters move from areas of higher density to areas of lower density as a current.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2 and 3 only

83. Consider the following statements about the Sargasso Sea :

1. It is the only sea without a land boundary.
2. The Sargasso Sea records the lowest salinity in the Atlantic Ocean.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**84.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (ज्वार-भाटा का प्रकार)* | | *सूची-II (विशेषता)* |
|---|---|---|---|
| A. | बृहत् ज्वार-भाटा | 1. | जब सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा समकोण की स्थिति में हों, तब निम्न ज्वार-भाटा होता है |
| B. | लघु ज्वार-भाटा | 2. | तब होता है, जब चन्द्रमा पृथ्वी से सबसे दूर होता है |
| C. | अपभू ज्वार | 3. | छह मास के अंतराल पर ज्वार-भाटा की पुनरावृत्ति होती है |
| D. | विषुवीय बृहत् ज्वार-भाटा | 4. | जब सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी लगभग एक ही पंक्ति में हों, तब अत्यधिक उच्च ज्वार आता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**85.** भारत के प्रमुख समुद्र पत्तन और उनकी विशेषताओं के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं ?

1. दीनदयाल पत्तन : ज्वारीय पत्तन
2. जवाहरलाल नेहरू पत्तन : भूबद्ध पत्तन
3. वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन : कृत्रिम गभीर-सागर बंदरगाह
4. पारादीप पत्तन : प्राकृतिक अगभीर जल पत्तन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**86.** चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ के पद के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत सैन्य कार्य विभाग का प्रमुख होता है।
2. वह चीफ्स ऑफ़ स्टाफ कॅमिटी का स्थायी अध्यक्ष होता है।
3. वह तीनों सेना के प्रमुखों पर कोई सैन्य कमान (अधिकार) नहीं रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**87.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (संस्थान का नाम)* | | *सूची-II (प्रशिक्षण का प्रकार)* |
|---|---|---|---|
| A. | भारतीय सैन्य अकादमी | 1. | कैडेटों को अल्पकालिक सेवा कमीशन के लिए प्रशिक्षण देना |
| B. | राष्ट्रीय रक्षा अकादमी | 2. | सेना में अधिकारियों के रूप में कार्यग्रहण करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना |
| C. | राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय | 3. | रक्षा बलों की तीनों सेवाओं के कैडेटों को, अपनी-अपनी कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण अकादमियों में प्रवेश दिए जाने से पहले प्रशिक्षण देना |
| D. | अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी | 4. | सशस्त्र सेनाओं और सिविल सेवा अधिकारियों के चयनित वरिष्ठ अधिकारियों का प्रशिक्षण |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**84.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| *List-I (Type of Tide)* | | *List-II (Characteristic)* |
|---|---|---|
| A. Spring Tides | 1. | Low tides caused when the Sun, Earth and Moon are in the position of quadrature |
| B. Neap Tides | 2. | Occur when the Moon is the farthest from the Earth |
| C. Apogean Tides | 3. | Tides recurring at an interval of six months |
| D. Equinoctial Spring Tides | 4. | Very high tides caused when the Sun, Moon and Earth are almost in the same line |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**85.** Which of the following pairs of major sea ports of India and their characteristics are correctly matched ?

1. Deendayal Port : Tidal Port
2. Jawaharlal Nehru Port : Landlocked Port
3. V.O. Chidambaranar Port : Artificial Deep-Sea Harbour
4. Paradip Port : Natural Shallow Water Port

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**86.** Consider the following statements about the position of the Chief of Defence Staff :

1. He is the Head of the Department of Military Affairs within the Ministry of Defence.
2. He is the Permanent Chairman of the Chiefs of Staff Committee.
3. He does not exercise any military command over the three Service Chiefs.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**87.** Match List-I with List-II and select the answer using the codes given below the Lists :

| *List-I (Name of the Institution)* | | *List-II (Type of Training)* |
|---|---|---|
| A. Indian Military Academy | 1. | Training cadets for Short Service Commission |
| B. National Defence Academy | 2. | Training the persons joining the Army as officers |
| C. National Defence College | 3. | Training cadets of three services of Defence forces before inducting them into respective pre-commissioning training academies |
| D. Officers Training Academy | 4. | Training of selected senior officers of the armed forces and civil service officers |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**88.** 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' (SAGY) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. यह भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के अधीन है।
2. इसे वर्ष 2014 में जयप्रकाश नारायण की जयन्ती पर आरंभ किया गया।
3. महात्मा गाँधी की ग्राम स्वराज की दृष्टि इस योजना की प्रेरणा है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1

**89.** भारत के निम्नलिखित पूर्व राष्ट्रपतियों पर विचार कीजिए :

1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
2. डॉ. ज़ाकिर हुसैन
3. नीलम संजीव रेड्डी

उपर्युक्त में से कितने राष्ट्रपतियों ने भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में भी सेवा प्रदान की ?

(a) कोई भी नहीं
(b) 1
(c) 2
(d) 3

**90.** भारत के संविधान के मूल अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) उनमें लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता का उपबंध है।
(b) वे अन्तःकरण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता को प्रत्याभूत करते हैं।
(c) वे केवल धर्म, मूलवंश और जाति के आधार पर विभेद का प्रतिषेध करते हैं।
(d) वे विधिक रूप से प्रवर्तनीय हैं।

**91.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 के अधीन संशोधन प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी सदन में पुरःस्थापित किया जा सकता है।
2. संविधान संशोधन विधेयक प्रत्येक सदन में उस सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए।
3. सभी संविधान संशोधन विधेयक कम-से-कम आधे राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा अनिवार्य रूप से अनुसमर्थित होने चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**92.** भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए किसी व्यक्ति की अर्हताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह व्यक्ति किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम-से-कम पाँच वर्ष तक न्यायाधीश रहा है।
2. वह व्यक्ति किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम-से-कम दस वर्ष तक अधिवक्ता रहा है।
3. वह व्यक्ति भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की राय में पारंगत विधिवेत्ता हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 3

88. Which of the following statements about 'Saansad Adarsh Gram Yojana' (SAGY) is/are correct ?

1. It comes under the Ministry of Parliamentary Affairs, Government of India.
2. It was launched in 2014 on the birth anniversary of Jayaprakash Narayan.
3. Mahatma Gandhi's vision of Gram Swaraj is the inspiration behind this scheme.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 only

89. Consider the following former Presidents of India :

1. Dr. Sarvepalli Radhakrishnan
2. Dr. Zakir Hussain
3. Neelam Sanjiva Reddy

How many of the above Presidents has/have also served as Vice-President of India ?

(a) None
(b) 1
(c) 2
(d) 3

90. Which one among the following statements regarding the Fundamental Rights of the Constitution of India is ***not*** correct ?

(a) They provide for equality of opportunity in matters of public employment.
(b) They guarantee freedom of conscience and free profession, practice and propagation of religion.
(c) They prohibit discrimination on the grounds only of religion, race and caste.
(d) They are legally enforceable.

91. Consider the following statements regarding the amendment procedure under Article 368 of the Constitution of India :

1. Constitutional amendment bills can be introduced in either House of the Parliament.
2. Constitutional amendment bills should be passed in each House by a majority of the total membership of that House and by a majority of not less than two-thirds of the members of that House present and voting.
3. All Constitutional amendment bills must be ratified by the Legislature of not less than one-half of the States.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

92. Consider the following statements regarding the qualifications of a person for appointment as a Judge of the Supreme Court of India :

1. The person has to be, for at least five years, a Judge of a High Court or of two or more such Courts in succession.
2. The person has to be, for at least ten years, an advocate of a High Court or of two or more such Courts in succession.
3. The person is, in the opinion of the Chief Justice of India, a distinguised jurist.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1 and 3 only

93. भारत के संविधान के संदर्भ में, अनुच्छेद और उपबंध के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) अनुच्छेद 243क : ग्राम सभा

(b) अनुच्छेद 243ख : पंचायतों का गठन

(c) अनुच्छेद 243ग : पंचायतों की संरचना

(d) अनुच्छेद 243घ : पंचायतों के लिए निर्वाचन

94. संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना अभियान (UN पीसकीपिंग ऑपरेशन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शांति-स्थापना अभियान को प्राधिकृत करने की शक्ति अनन्य रूप से महासभा में निहित है।

2. संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना अभियान, संघर्ष में शामिल मुख्य पक्षकारों की सहमति से परिनियोजित (डिप्लॉय) किए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

95. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय, भारत के संविधान की राज्य सूची में समाविष्ट ***नहीं*** है ?

(a) लोक व्यवस्था

(b) आर्थिक और सामाजिक आयोजना

(c) भूमि

(d) स्थानीय शासन

96. भारत के संविधान के अनुच्छेदों और निहित विशेष उपबंधों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) अनुच्छेद 371क : नागालैंड राज्य के संबंध में विशेष उपबंध

(b) अनुच्छेद 371ख : असम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध

(c) अनुच्छेद 371ग : मणिपुर राज्य के संबंध में विशेष उपबंध

(d) अनुच्छेद 371घ : सिक्किम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध

97. भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन निम्नलिखित में से कौन-से प्रशासित होते हैं ?

1. प्रादेशिक सेना

2. जलराशिक सर्वेक्षण और नौपरिवहन चार्ट तैयार करना

3. राष्ट्रीय कैडेट कोर

4. तटरक्षक संगठन से संबंधित सभी मामले

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 1 और 3

93. Which one among the following pairs of Article and Provision with reference to the Constitution of India is ***not*** correctly matched ?

(a) Article 243A : Gram Sabha

(b) Article 243B : Constitution of Panchayats

(c) Article 243C : Composition of Panchayats

(d) Article 243D : Election to the Panchayats

94. Consider the following statements with regard to the UN Peacekeeping Operation :

1. The power to authorize a Peacekeeping Operation is exclusively vested with the General Assembly.

2. UN Peacekeeping Operations are deployed with the consent of the main parties to the conflict.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

95. Which one among the following items is ***not*** included in the State List of the Constitution of India ?

(a) Public Order

(b) Economic and Social Planning

(c) Land

(d) Local Government

96. Which one among the following pairs of Articles of the Constitution of India and special provisions given therein is ***not*** correctly matched ?

(a) Article 371A : Special provision with respect to the State of Nagaland

(b) Article 371B : Special provision with respect to the State of Assam

(c) Article 371C : Special provision with respect to the State of Manipur

(d) Article 371D : Special provision with respect to the State of Sikkim

97. Which of the following are administered under the Ministry of Defence, Government of India ?

1. Territorial Army

2. Hydrographic surveys and preparation of navigational charts

3. National Cadet Corps

4. All matters relating to Coast Guard Organization

Select the answer using the codes given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 3 and 4 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1 and 3 only

**98.** किसी राज्य के राज्यपाल की शक्तियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्यपाल के पास महाधिवक्ता को नियुक्त करने की शक्ति होती है।
2. महाधिवक्ता, राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
3. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
4. राज्यपाल के प्रतिवेदन पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को पद से हटाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3

**99.** बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय, तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड बिम्सटेक के सदस्य-राज्य हैं।

(b) इसका सचिवालय ढाका में स्थित है।

(c) भारत इसके सुरक्षा सेक्टर का अग्रणी देश है।

(d) थाईलैंड इसके कनेक्टिविटी सेक्टर का अग्रणी देश है।

**100.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) चौधरी चरण सिंह ने भारतीय क्रांति दल की स्थापना की।

(b) जगजीवन राम संविधान सभा के सदस्य थे।

(c) मोरारजी देसाई 1977 से 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री थे।

(d) जयप्रकाश नारायण कांग्रेस समाजवादी दल के संस्थापक महासचिव थे।

**101.** अधिनियम और उसके अधिनियमन के वर्ष के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

(a) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम : 2012

(b) सूचना का अधिकार अधिनियम : 2004

(c) अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम : 2006

(d) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम : 2010

**102.** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. यह एक सांविधानिक निकाय है।
2. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 को निरसित कर दिया गया है।
3. सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, इस आयोग का अध्यक्ष होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

**98.** Consider the following statements about the powers of the Governor of a State :

1. The Governor has the power to appoint the Advocate-General.
2. Advocate-General holds office during the pleasure of the Governor.
3. The members of the State Public Service Commission are appointed by the Governor.
4. The members of the State Public Service Commission can be removed by the President of India on the report of the Governor.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1, 3 and 4 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2 and 3 only

**99.** Which one of the following statements about BIMSTEC (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral, Technical and Economic Cooperation) is ***not*** correct ?

(a) Bangladesh, Bhutan, India, Myanmar, Nepal, Pakistan, Sri Lanka and Thailand are member-states of BIMSTEC.

(b) Its secretariat is located in Dhaka.

(c) India is the lead country of its security sector.

(d) Thailand is the lead country of its connectivity sector.

**100.** Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Chaudhary Charan Singh founded Bharatiya Kranti Dal.

(b) Jagjivan Ram was a member of the Constituent Assembly.

(c) Morarji Desai was the Prime Minister of India from 1977 to 1980.

(d) Jayaprakash Narayan was the founder General Secretary of the Congress Socialist Party.

**101.** Which one of the following Acts is correctly paired with the year of its enactment ?

(a) The Consumer Protection Act : 2012

(b) The Right to Information Act : 2004

(c) The Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act : 2006

(d) The Protection of Children from Sexual Offences Act : 2010

**102.** Which of the following statements related to the National Commission for Backward Classes is/are correct ?

1. It is a constitutional body.
2. The National Commission for Backward Classes Act, 1993 has been repealed.
3. The Secretary, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India heads the Commission.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

**103.** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कृत्य/व्यवहार 'लैंगिक उत्पीड़न' की कोटि में आएगा/आएँगे ?

1. लैंगिक प्रकृति की मौखिक टिप्पणियाँ
2. लैंगिक प्रकृति का अमौखिक आचरण
3. लैंगिक प्रकृति का शारीरिक आचरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 3

**104.** अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निम्नलिखित में से कौन-सी जनजातियाँ निवास करती हैं ?

1. ओंगे
2. जारवा
3. सेंटिनेली

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

**105.** भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित 'अग्रता क्रम (टेबल ऑफ़ प्रिसीडेंस)' के अनुसार निम्नलिखित उच्चपदस्थ व्यक्तियों (dignitaries) को उनकी श्रेणी और अग्रता के सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. भारत का मुख्य न्यायमूर्ति
2. अपने संबंधित राज्यों के अंतर्गत राज्यपाल
3. भूतपूर्व राष्ट्रपति
4. उप प्रधानमंत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 3, 4, 2
(b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 2, 4, 3
(d) 2, 3, 1, 4

**106.** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) द्वारा प्रारंभ की गई 'स्मार्ट गाँव' परियोजना के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. यह एक अग्रगामी परियोजना है, जो एकीकृत ग्राम विकास पर केन्द्रित है।
2. इस परियोजना का विशिष्ट पहलू यह है कि CSIR स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से गाँवों की दशा में सुधार लाने में 'भूमि से प्रयोगशाला (लैंड टू लैब)' के मार्गदर्शी सिद्धांत का अनुसरण कर रही है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**107.** कपास निर्यातकों और वस्त्र (टेक्सटाइल) क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से उपाय किया गया है/किए गए हैं ?

1. निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी स्कीम (CGSE)
2. RBI व्यापार राहत 2025
3. कपास और कपास-आधारित उत्पादों के लिए राज्य और केन्द्रीय करों और उगाहियों (RoSCTL) में छूट

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

**103.** Which of the following acts/behaviour shall amount to 'sexual harassment' as per the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 ?

1. Verbal remarks of sexual nature
2. Non-verbal conduct of sexual nature
3. Physical conduct of sexual nature

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 3 only

**104.** Which among the following tribes inhabit the Andaman and Nicobar Islands ?

1. Onge
2. Jarawas
3. Sentinelese

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 and 3 only

**105.** Arrange the following dignitaries in the correct sequence with respect to their rank precedence, as per the 'Table of Precedence' approved by the President of India :

1. Chief Justice of India
2. Governors within their respective states
3. Former Presidents
4. Deputy Prime Minister

Select the answer using the codes given below :

(a) 1, 3, 4, 2
(b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 2, 4, 3
(d) 2, 3, 1, 4

**106.** Which of the following statements about the 'SMART VILLAGE' project, launched by the Council of Scientific and Industrial Research (CSIR) is/are correct ?

1. This is a pilot project, which focuses on the integrated village development.
2. The distinctive aspect of this project is that CSIR is following the guiding principle of 'Land to Lab' in improving the condition of villages through indigenous technologies.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**107.** Which of the following measures has/have been undertaken by the Government of India for supporting the cotton exporters and the textile sector ?

1. Credit Guarantee Scheme for Exporters (CGSE)
2. RBI Trade Relief 2025
3. Rebate of State and Central Taxes and Levies (RoSCTL) for cotton and cotton-based products

Select the answer using the codes given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 2 only

**108.** सरकारी कार्यक्रम/स्कीमों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. ग्रामीण युवाओं का कौशल प्रशिक्षण (STRY) एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कृषि के विभिन्न विषयक क्षेत्रों (thematic areas) में ग्रामीण युवाओं के कौशलों में सुधार करना है।

2. दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY – NRLM) स्वयं-सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए आय उत्पन्न करने के अवसरों के सृजन पर केन्द्रित है।

3. स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (SVEP) का उद्देश्य स्वयं-सहायता समूहों (SHG) से जुड़ी महिलाओं को छोड़ अन्य सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सामर्थ्यकारी ग्रामीण व्यापार विकास वातावरण (ईकोसिस्टम) का सृजन करना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम, भारत में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए ***नहीं*** है ?

(a) प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY)

(b) संशोधित ब्याज छूट योजना (MISS)

(c) प्रधानमंत्री स्वनिधि (PM SVANidhi)

(d) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

1. दिसंबर 2025 में, नई दिल्ली में, पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का तृतीय वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।

2. 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का विषय था 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**111.** भारत के सेतुओं के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अटल सेतु, जिसे मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के रूप में भी जाना जाता है, भारत का सबसे दीर्घ समुद्री सेतु है।

(b) चिनाब सेतु विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे मेहराब (आर्च) सेतु है।

(c) भूपेन हजारिका सेतु, लोहित नदी पर बना है।

(d) नया पंबन सेतु मेहराब (आर्च) सेतु है।

**112.** भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्य के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. ONGC ग्रीन ने वर्ष 2030 तक 10 GW हरित ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने की योजना निर्धारित की है।

2. ONGC ग्रीन और IIM नागपुर ने एक सहमति-पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य वर्ष 2050 तक नेट शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के व्यापक लक्ष्य के लिए योगदान देना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**108.** Which of the following statements about Government programmes/schemes is/are correct ?

1. Skill Training of Rural Youth (STRY) is a programme meant for improving skills of the rural youth in different thematic areas of agriculture.

2. Deendayal Antyodaya Yojana – National Rural Livelihoods Mission (DAY – NRLM) focuses on creating income generation opportunities for Self-Help Group (SHG) women.

3. Start-up Village Entrepreneurship Programme (SVEP) is meant for creating an enabling rural business development ecosystem for supporting all women except for those engaged with Self-Help Groups (SHGs).

Select the answer using the codes given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

**109.** Which one of the following schemes is ***not*** meant for the development of agriculture sector in India ?

(a) Pradhan Mantri Kisan Maandhan Yojana (PM-KMY)

(b) Modified Interest Subvention Scheme (MISS)

(c) PM SVANidhi

(d) National Food Security and Nutrition Mission

**110.** Which of the following statements is/are ***not*** correct ?

1. The 3rd WHO Global Summit on Traditional Medicine was held in New Delhi in December 2025.

2. The theme for the 11th International Yoga Day 2025 was 'Yoga for One Earth, One Health'.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**111.** Which one of the following statements about the bridges of India is ***not*** correct ?

(a) Atal Setu, also known as the Mumbai Trans Harbour Link, is India's longest sea bridge.

(b) The Chenab bridge is the world's highest railway arch bridge.

(c) The Bhupen Hazarika Setu is built over the Lohit river.

(d) The New Pamban bridge is an arch bridge.

**112.** Which of the following statements about India's Green Energy target is/are correct ?

1. ONGC Green has set a plan to achieve 10 GW of green energy capacity by 2030.

2. ONGC Green and IIM Nagpur have signed a Memorandum of Understanding (MoU), which aims at contributing to India's broader goal of achieving net zero emissions by 2050.

Select the answer using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**113.** PESA (पंचायत का अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) महोत्सव 2025 भारत के निम्नलिखित में से किस नगर में आयोजित किया गया था ?

(a) विशाखापत्तनम

(b) कोच्चि

(c) राँची

(d) रायपुर

**114.** दिसंबर 2025 में प्रारंभ किए गए सुजलम भारत ऐप का उद्देश्य क्या है ?

(a) किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधाओं का अनुवीक्षण (मॉनीटर) करना

(b) नदी जल की सफाई के लक्ष्य को प्राप्त करना

(c) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का समाधान करना

(d) ग्रामीण पेयजल प्रशासन का रूपांतरण करना

**115.** भारत द्वारा निम्नलिखित में से किस देश को खोज बचाव तथा मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) सहायता प्रदान करने हेतु सागर बंधु ऑपरेशन प्रारंभ किया गया था ?

(a) थाईलैंड

(b) श्रीलंका

(c) इंडोनेशिया

(d) वियतनाम

**116.** भारत और न्यूज़ीलैंड ने दिसंबर 2025 में मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए हैं । दोनों देशों के बीच FTA के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सहयोग पर सहमति बनी है ?

1. आयुष (AYUSH)
2. श्रव्य-दृश्य पर्यटन
3. पारंपरिक ज्ञान प्रणाली
4. बागवानी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 1, 3 और 4

**117.** प्रधानमंत्री-मित्र (PM-MITRA) योजना के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) इसका लक्ष्य भारत के प्रत्येक राज्य में कम-से-कम एक ऊर्जा पार्क विकसित करना है ।

(b) इसका उद्देश्य भारत में एकीकृत वस्त्र (टेक्सटाइल) पार्क विकसित करना है ।

(c) इसका लक्ष्य भारत के प्रत्येक जिले में रोज़गार पार्क प्रारंभ करना है ।

(d) इसका उद्देश्य भारत में कृषि पार्क प्रारंभ करना है ।

**118.** निम्नलिखित में से कौन, उस भारतीय स्क्वैश टीम का खिलाड़ी ***नहीं*** था, जिसने SDAT स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीता ?

(a) जोशना चिनप्पा

(b) अनाहत सिंह

(c) अभय सिंह

(d) अर्जुन एरिगैसी

**119.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) ने दिसंबर 2025 में एक सहमति-पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं । इस MoU के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इस MoU का उद्देश्य रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी सहायता के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना है ।
2. RRU भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक प्रतिष्ठित संस्था है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**120.** हाल ही में निम्नलिखित में से कौन, T20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट और 1000 रन बनाने का इतिहास रचने वाला प्रथम भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी बन गया है ?

(a) हार्दिक पांड्या

(b) रवींद्र जडेजा

(c) अक्षर पटेल

(d) वाशिंगटन सुंदर

**113.** In which one of the following cities of India was the PESA (Panchayats (Extension to Scheduled Areas)) Mahotsav 2025 held ?

(a) Visakhapatnam

(b) Kochi

(c) Ranchi

(d) Raipur

**114.** The Sujalam Bharat App, launched in December 2025, aims at :

(a) Monitoring irrigation facilities being provided to farmers

(b) Achieving the goal of cleaning river water

(c) Resolving the grievances related to drinking water-supply in the NCT of Delhi

(d) Transforming rural drinking water governance

**115.** Operation Sagar Bandhu was launched by India to provide Search & Rescue and Humanitarian Assistance & Disaster Relief (HADR) support to which one of the following countries ?

(a) Thailand

(b) Sri Lanka

(c) Indonesia

(d) Vietnam

**116.** India and New Zealand have signed a Free Trade Agreement (FTA) in December 2025. In which of the following areas has cooperation under the FTA has been agreed upon between the two countries ?

1. AYUSH
2. Audio-Visual tourism
3. Traditional knowledge system
4. Horticulture

Select the answer using the codes given below :

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 2 and 4 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 3 and 4 only

**117.** Which one of the following statements is correct about the PM-MITRA scheme ?

(a) Its goal is to develop at least one energy park, in every state of India.

(b) It aims at developing integrated textile parks in India.

(c) Its goal is to open employment parks in every district of India.

(d) It aims at opening agro parks in India.

**118.** Who, amongst the following, was ***not*** a part of the Indian Squash team that won the first ever World Cup title at the SDAT Squash World Cup 2025 ?

(a) Joshna Chinnappa

(b) Anahat Singh

(c) Abhay Singh

(d) Arjun Erigaisi

**119.** Defence Research and Development Organization (DRDO) and Rashtriya Raksha University (RRU) have signed a Memorandum of Understanding (MoU) in December 2025. Which of the following statements is/are correct in the context of this MoU ?

1. This MoU aims to foster collaboration in the areas of training and technology support for defence and internal security.
2. RRU is an institution of eminence under the Ministry of Education, Government of India.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**120.** Who among the following has recently scripted history by becoming the first Indian cricketer to secure 100 wickets and 1000 runs in T20 Internationals ?

(a) Hardik Pandya

(b) Ravindra Jadeja

(c) Axar Patel

(d) Washington Sundar

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : KPRS-S-KLG** | **Test Booklet Series**

1143917

# TEST BOOKLET

# GENERAL KNOWLEDGE

**A**

***Time Allowed : Two Hours*** | ***Maximum Marks : 100***

## INSTRUCTIONS

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है ।